आजीविका मिशन के सीईओ- सीआरपी को मिला सम्मान

भिलाईनगर। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत स्व रोजगार कार्यक्रम के अधीन अलग-अलग योजनाओं में लोन स्वीकृति हेतु कार्य करने वाले महिला सी.ई.ओ तथा सी.आर.पी को निगम क्षेत्र में उत्कृष्ट ऋण प्रकरणों के निपटान के लिए एचडीएफसी बैंक ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निगम सभागार में सम्मानित किया गया।

महापौर नीरज पाल ने सी.ई.ओ तथा सी.आर.पी को सम्मानित करते हुए कहा कि आप लोग मैदानी क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्य का परिचय दिया है , जिसके लिए यह सम्मान प्राप्त कर रहे है। लेकिन इसके बाद आप लोग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है , राज्य शासन के हितग्राही मूलक योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाकर शतप्रतिशत लाभ दिलाने से योजना की सार्थकता सिद्व होगी ये जिम्मेदारी भी आपकी है।

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि योजना के तहत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर उनका वेंडर कार्ड बनाने और व्यवसाय को बढ़ावा देने पीएम स्व-निधि से हितग्राहियों को लाभान्वित करने में सीईओ - सीआरपी की अग्रणी भूमिका रही। योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए निगम के साथ बैंक को समन्वय बनाकर कार्य कर रहे है। इस योजना में सर्वे , आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाना या फिर जागरूकता कार्यक्रम सभी जगह आपके द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, उन्होंने उत्कृष्ट कार्य के लिए सीओ-सीआरपी को सम्मानित करने वाले एचडीफसी बैंक प्रतिनिधियों को धन्यवाद किया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में पीएम स्वनिधि की जानकारी देते हुए योजना के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि योजना के तहत लोन लेकर जो वेंडर व्यवसाय कर रहे है, और नियमित बैंक का किश्त जमा करने वाले , डिजिटल पेंमेंट को बढ़ावा देने वाले वेंडरो को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा इस वर्ष तीसरी किश्त के तहत 50 हजार रू लोन के लिए आवेदन करने वाले 14 हितग्राही वेंडर जिनका लोन बैंक से स्वीकृत हो गया है उनको आज लोन राशि का चेक भी प्रदान किया गया। पीएम स्व निधि के तहत अब तक 11180 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन मिल चुका है। योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम लोन 10000 रुपए, द्वितीय लोन 20000 और तृतीय लोन 50000 प्रदान किया जाता है। हितग्राही वेंडर्स से लोन के लिए प्राप्त हाने वाले आवेदनों को स्क्रूटनी कर शीघ्रता के साथ कार्य करते हुए लोन स्वीकृत करने बैंक को भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधि , मिशन मैनेजर अमन पटले , एकता शर्मा , नलनी तनेजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।